टाटा स्टील और झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के बीच समझौता ज्ञापन

चर्चा में क्यों?

हाल ही में झारखंड में बैडमिंटन खेल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच, हर घर में बैडमिंटन को शौक या पेशे के रूप में लेने के साथ, टाटा स्टील और झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन (जेबीए) ने संयुक्त रूप से राज्य में बैडमिंटन को बढ़ावा देने के लिये एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया।

प्रमुख बिंदु

- यह समझौता ज्ञापन टाटा स्टील और झारखंड बैडमिंटन एसोसिएशन के बीच सभी लंबित मुकदमों के निपटारे तथा समझौता करने का मार्ग प्रशस्त करेगा।
- इस पहल को आगे बढ़ाने के लिये टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिवीज़न बैडमिंटन डेवलपमेंट एंड एडवाइज़री कमेटी का गठन किया गया है। समिति टाटा स्टील के बैडमिंटन ट्रेनिंग सेंटर और मोहन आहूजा बैडमिंटन स्टेडियम में बैडमिंटन को खेल के रूप में विकसित करने के लिये काम करेगी।
- इसमें ज़िला, राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंटों के प्रशिक्षण तथा आयोजन के लिये सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास बुनियादी ढाँचा प्रदान करना भी शामिल है।
- ज्ञातव्य हो कि बैडमिंटन फुटबॉल के बाद दुनिया में सबसे अधिक खेला जाने वाला खेल है। शहर में इसकी लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-tata-steel-and-jharkhand-badminton-association